दीपका महाविद्यालय में दे रहे कम्प्यूटर ट्रेनिंग

■ नवभारत ब्यूरो | कोरबा.

दीपिका शासकीय महाविद्यालय दीपिका में शुक्रवार को छात्रों में कंप्युटर की ज्ञान वृद्धि हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें छात्रों को कम्प्युटर से संबंधित वीडियो दिखाकर और उसके पश्चात उसका प्रेक्टिकल करवा कर उनको कंप्यूटर के बारे में जानकारी दी गई.

ज्ञात हो कि यह कार्यक्रम आईआईटी मुंबई के स्पोकन ट्यूटोरियल प्रोजेक्ट के तहत आयोजित किया गया शासकीय महाविद्यालय दीपका इस प्रोजेक्ट का रजिस्टर्ड मेंबर है इसके तहत महाविद्यालय के लगभग 100 छात्र छात्राओ का 3 पाठ्यक्रम में प्रवेश हुआ है. यह कार्यक्रम महाविद्यालय में 14 जून तक सुबह 11:00 बजे से 2:00 बजे तक प्रतिदिन संचालित होगा, जिसमें छात्र छात्राओं का कंप्यूटर से संबंधित ज्ञान में वृद्धि होगी. पाठ्यक्रम समाप्ति के बाद आईआईटी मुंबई द्वारा छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा. संस्था की प्राचार्य डॉक्टर शिखा शर्मा ने कहा की बहुत से महाविद्यालयों में कम्प्यूटर की कमी है तथा कंप्यूटर शिक्षक भी नहीं है. यह कार्यक्रम इन दोनों कमियों को दूर करेगा तथा आसानी से छात्र छात्राओं को कंप्यूटर का ज्ञान दिया जा सकता है. इस कार्यक्रम में लिब्रे ऑफिस लिब्रे कैल्क तथा लिब्रे इंप्रेस सॉफ्टवेयर के माध्यम से कम्प्यूटर का ज्ञान दिया जा रहा है. कार्यक्रम प्रभारी आरएल पांडे ने कहा की परीक्षा समाप्ति के पश्चात छात्र-छात्राओं को 15 दिनों के भीतर कंप्यूटर का ज्ञान प्राप्त करने का यह सुनहरा अवसर है इसके लिए छात्रों को कोई शुल्क भी नहीं देना होगा.

कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करते छात्र-छात्राएं